# ब्रिस्बेन में खराब मौसम के लिए तैयार रहें




get ready QUEENSLAND

BRISBANE CITY

*Dedicated to a better Brisbane*

# ब्रिस्बेन खराब मौसम चेतावनी के साथ अपडेटेड रहें

- वॉइस मैसेज, एसएमएस और/या ईमेल के माध्यम से विशिष्ट स्थान के लिए चेतावनियाँ प्राप्त करने के उद्देश्य से रजिस्टर करें।
- हरेक घर-परिवार के लिए असीमित संख्या में पंजीकरण।
- मौसम विज्ञान ब्यूरो की सलाह के आधार पर चेतावनियाँ।
- चेतावनियों का अनुवाद चीनी, कोरियाई, वियतनामी और अरबी भाषाओं में किया जा सकता है (वॉइस मैसेजों के अलावा)।

रजिस्टर करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें या वेबसाइट **brisbane.qld.gov.au** पर जाएँ और 'Brisbane Severe Weather Alert' खोजें।



# आपके घर के लिए आपातकालीन योजना


**अपने घर को खराब मौसम की आपातस्थितियों के अनुकूल तैयार करने के लिए अपने परिजनों या घर के सदस्यों के साथ योजना बनाना, इसे साझा करना और इसका अभ्यास करना महत्वपूर्ण है।**




अपने घर के अंदर आपातस्थितियों के बारे में चर्चा करें



एक आपातकालीन किट तैयार करें



अपने पालतू पशुओं के लिए योजना बनाएँ



आपातकालीन स्थिति में किसे बुलाना चाहिए, इसके बारे में जानकारी रखें



सहायता हेतु कॉल करने के लिए किसी मित्र या संबंधी का चयन करें

# आपातकालीन किट

आपके आपातकालीन किट में जलरोधक कंटेनर में बंद और आसानी से सुलभ वस्तुएँ होनी चाहिए।





## शिशु और बच्चे

- शिशुओं के लिए आवश्यक सामग्री, जैसे फॉर्मूला, नैप्पियाँ
- बदलने के लिए कपड़े
- खिलौने



## पालतू पशु

- पालतू पशुओं के लिए आपूर्तियाँ, जैसे पानी, भोजन, कटोरे और कंबल
- साज या पट्टा

## महत्वपूर्ण दस्तावेज़

- घर के साजो-सामान की सूची
- वसीयतें
- बीमा के दस्तावेज़ और पॉलिसी नंबर, जैसे जीवन, कार, घर, साजो-सामान के बीमा दस्तावेज़
- जन्म और विवाह प्रमाण-पत्र
- पासपोर्ट
- चिकित्सा के विवरण, जैसे मेडिकेयर, टीकाकरण रिकॉर्ड और निजी स्वास्थ्य निधि
- पैसे से संबंधित दस्तावेज़, जैसे बैंक स्टेटमेंट, शेयर

**याद रखें: हो सकता है कि आपको इंटरनेट उपलब्ध न हो**

# आँधी में सुरक्षा

गर्मियों में आँधी का मौसम शुरू होने से पहले अपने घर से पेड़ों की शाखाओं को दूर रखने के लिए अच्छी तरह से काट-छाँट कर लें। निम्नलिखित कार्य भी करें:

- गटरों और पानी को नीचे ले जाने वाले पाइपों की जाँच करें और इन्हें साफ करें
- अपने आँगन में आउटडोर फर्नीचर और खिलौनों जैसी खुली वस्तुओं पर दृष्टि रखें, जिन्हें आँधी के निकट आने पर सहेजकर रखना होगा या बाँधना पड़ेगा
- बारिश से आपातकालीन सुरक्षा के लिए मास्किंग टेप और प्लास्टिक शीटिंग सुलभ रखें।

## जब आँधी निकट आ जाए

जब खराब आँधी-तूफान आता है, तो अंदर रहें, खिड़कियों से दूर रहें और घर के सबसे मजबूत हिस्से (सामान्य रूप से बाथरूम) में प्रतीक्षा करें। यदि आप बाहर हैं, तो आश्रय खोजने का प्रयास करें लेकिन पेड़ों के नीचे खड़े न हों।

आपको:

- आँधी के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए अपना पोर्टेबल रेडियो सुनना चाहिए
- अस्थायी रूप से पार्किंग करते समय अपनी कार को पेड़ों, बिजली के तारों और जलाशयों से दूर रखना चाहिए
- आँधी के समय लैंडलाइन का उपयोग नहीं करना चाहिए।

# जब आँधी गुज़र जाए

आँधी के गुज़र जाने के बाद यह महत्वपूर्ण होता है कि आप:

- आधिकारिक चेतावनियों और सलाह के लिए अपना स्थानीय रेडियो सुनें
- नुकसान के लिए अपने घर की जाँच करें, जैसे छत, सौर पैनल
- गिरे हुए बिजली के तारों से दूर रहें – इनके बारे में फोन नंबर **13 19 62** पर एनर्जेक्स को रिपोर्ट करें
- नुकसानग्रस्त भवनों, पेड़ों और बाढ़ के पानी के प्रति सावधान रहें
- यदि आवश्यक हो, तो पड़ोसियों की सहायता के लिए उपलब्ध रहें।



यदि आपको जीवन-घातक चोटों के लिए आपातकालीन सहायता की आवश्यकता है, तो **000** (ट्रिपल शून्य) पर फोन करें, अथवा छत की अस्थायी मरम्मत या रेत के बोरे लगाने के लिए **132 500** (एसईएस) पर फोन करें। यदि आपको सहायता की आवश्यकता नहीं है, तो अपने पड़ोसियों से पूछें कि क्या उन्हें सहायता की आवश्यकता है।

# बाढ़

साल में किसी भी समय बाढ़ आ सकती है, विशेषकर नवंबर से लेकर मार्च तक।

## बाढ़ के स्रोत

हरेक बाढ़ की घटना अलग होती है और एक या एक से अधिक तरीकों से बाढ़ आ सकती है।





जलाशयों में बाढ़



नदी में बाढ़



ज़मीन के ऊपर बाढ़



बढ़ती आँधी

**याद रखें: नालों में पानी के खेल न खेलें**

## बाढ़ के लिए तैयारी कैसे करें

- मौसम के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टेलीविज़न देखें और ऑनलाइन खोज करें
- भारी वर्षा के दौरान पानी के बहने की दिशा की जाँच करें, जो संभावित बाढ़ के पानी का मार्ग हो सकता है
- ध्यान रखें कि नदी, नाले, गली या ज्वार के जलमार्ग के निकट स्थित संपत्तियों के बाढ़ग्रस्त होने की संभावना अधिक होती है
- अपनी संपत्ति के लिए बाढ़ का बीमा लेने के बारे में अपने बीमाकर्ता से बात करें
- एक आपातकालीन किट तैयार करें
- यह सोचें कि बिजली चले जाने, सड़कें बंद होने और सार्वजनिक परिवहन में अवरोध होने के कारण आपके ऊपर क्या प्रभाव पड़ सकता है
- अपने पड़ोसियों से बात करें जिन्हें संभावित रूप से पहले बाढ़ का अनुभव हुआ हो
- कभी भी बाढ़ के बहते पानी में गाड़ी न चलाएँ या प्रवेश न करें।

परिषद के पास एक ऑनलाइन बाढ़ जागरुकता नक्शा है, जिसे संपत्ति के लिए बाढ़ की संभावना का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

बाढ़ जागरुकता नक्शा देखने के लिए वेबसाइट **brisbane.qld.gov.au** पर जाएँ और 'Flood Awareness Map' खोजें।

# बुशफायर

बुशफायर का मौसम सामान्यतः अगस्त से लेकर दिसंबर तक होता है और इसके लिए तैयारी करना महत्वपूर्ण होता है, विशेषकर यदि आप बुशलैंड क्षेत्रों के पास रहते/रहती हैं।



## अपनी संपत्ति को तैयार करें

पहले से तैयार की गई संपत्तियों की बुशफायर से सुरक्षित रहने की संभावना बहुत अधिक होती है। अपनी संपत्ति, परिवार और पालतू पशुओं की सुरक्षा के लिए आपको:

- भवनों के आस-पास का स्थान अवरोधमुक्त रखना चाहिए
- भवनों के आस-पास की ज़मीन पर घास-पात साफ करनी चाहिए
- खिड़कियों, दरवाजों के फ्रेमों और छज्जों में मौजूद सभी दरारों को भर देना चाहिए
- अज्वलनशील स्क्रीनें लगाकर डेक के नीचे बड़े आकार के खाली स्थानों को सुरक्षित रखना चाहिए
- पेड़ों की छाल, पत्तियों और टहनियों को फावड़े से इकट्ठा करके रखना चाहिए
- अपनी संपत्ति में अग्निशामक ट्रकों के प्रवेश के लिए अवरोधमुक्त मार्ग सुनिश्चित करना चाहिए।

# आपातकालीन संपर्क

| | |
|---|---|
| जीवन-घातक आपातस्थितियाँ | **000** (ट्रिपल शून्य) |
| पुलिस/अग्निशमन/एंबुलेंस | **000** या **112** (मोबाइल) |
| बाढ़ या घर के नुकसान के लिए राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) [State Emergency Service (SES)] | **132 500** |
| एनर्जेक्स (बिजली के तार) | **13 19 62** |
| ब्रिस्बेन सिटी काउंसिल | **3403 8888** |
| अनुवाद और दुभाषिया सेवा | **131 450** |
| प्लंबर | |
| इलेक्ट्रिशियन | |
| गृह बीमा | |
| कार बीमा | |



**अपने आस-पड़ोस में खराब मौसम के प्रभावों के बारे में अपने पड़ोसियों से बात करें।**

**ब्रिस्बेन पहले से तैयार रहे**

**Brisbane City Council**
GPO Box 1434
Brisbane Qld 4001

यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया गया है कि मुद्रण के समय जानकारी सही है

टिकाऊ कागज़ पर मुद्रित

CA22-1037890-08-6036 HIN
© 2022 Brisbane City Council

**brisbane.qld.gov.au**
3403 8888

/BrisbaneCityCouncil
@brisbanecityqld
@brisbanecitycouncil